तेरे चरणों में अब तो ठिकाना है मेरा

कोई कहता है सारा ज़माना है मेरा,
कोई कहता है अपना बेगाना है मेरा,
कोई कहता कुबेर का खज़ाना है मेरा,
तेरे चरणों में, ओ बाबा खाटू में,
तेरे चरणों में अब तो ठिकाना है मेरा.....

कैसे कह के बताऊँ तूने जो भी किया है,
मैं जो खाऊं मैं जो गाऊं सब तूने ही दिया है,
ये जो गड्डियों में बाबा आना जाना है मेरा,
सब तुमसे है केवल बहाना है मेरा,
कोई कहता कुबेर का खज़ाना है मेरा,
तेरे चरणों में, ओ बाबा खाटू में,
तेरे चरणों में अब तो ठिकाना है मेरा.....

जबसे तुमसे जुड़ा हूँ मैंने हर नाता तोड़ा,
एक तेरे ही भरोसे मैंने संसार छोड़ा,
बाबा तुमसे ही उजला सवेरा है मेरा,
जबसे खाटू में डाला है अब मैंने डेरा,
कोई कहता कुबेर का खज़ाना है मेरा,
तेरे चरणों में, ओ बाबा खाटू में,
तेरे चरणों में अब तो ठिकाना है मेरा......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32469/title/tere-charno-me-ab-to-thikana-hai-mera

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |